दैनिक समाचार पत्र हेतु विज्ञापन का प्रारूप.

# कार्यालय महाधिवक्ता, छ0ग0, बिलासपुर

आकस्मिकता निधि से कलेक्टर दर पर दैनिक वेतन भोगी के पद पर कर्मचारियों की भर्ती हेतु विज्ञापन

क्रमांक/ /स्थापना/भर्ती/2024–25 बिलासपुर, दिनांक

**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05.10.2024 सायं: 05:00 बजे तक**

कार्यालय महाधिवक्ता, छ0ग0, बिलासपुर की स्थापना में आकस्मिकता निधि से कलेक्टर दर पर दैनिक वेतनभोगी के कुल 15 पदों हेतु महाधिवक्ता कार्यालय, छ0ग0, बिलासपुर द्वारा दैनिक वेतन पर भर्ती हेतु अर्हता प्राप्त छत्तीसगढ़ के मूल निवासी के उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किया जाता है ।

पदनाम एवं पदों की संख्या निम्नानुसार है:–

| क. | पदनाम | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | स्टेनोटायपिस्ट (अंग्रेजी) | 04 |
| 2 | वाहन चालक | 04 |
| 3 | भृत्य | 07 |
| | कुल योग | 15 |

वेतनमान– कलेक्टर बिलासपुर द्वारा समय–समय पर निर्धारित दैनिक वेतन ।

विस्तृत जानकारी हेतु महाधिवक्ता कार्यालय की वेबसाईट www.advocategeneralcg.com का अवलोकन किया जावे ।

(माननीय महाधिवक्ता महोदय के आदेशानुसार)

17/09/24
अवर सचिव

प्रतिलिपि:–

1. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर को 03 बहु प्रसारित दैनिक समाचार पत्रो (बिलासपुर संस्करण) में प्रकाशनार्थ प्रेषित

# भर्ती संबंधी जानकारी

1. पदों की प्रकृति–कलेक्टर दर पर रखे जाने वाले दैनिक वेतनभोगी के पद नियमित संवर्ग के रिक्त पदो के न भरे जाने एवं मजदूरी दर पर यथासमय बजट प्रावधान कराये जाने की शर्त पर स्वीकृत की गई है, अतः यह पद भविष्य में नियमित नहीं होगें तथा नियमित पदो की भर्ती उपरांत स्वमेव समाप्त हो जावेंगे ।
2. आयु सीमा– दिनांक 01.07.2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो परन्तु 35 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो । (छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा जारी किये गये परिपत्रो के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी)
3. शैक्षणिक योग्यता–

(1) स्टेनोटायपिस्ट (अंग्रेजी)–

अनिवार्य योग्यता–1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

2. अंग्रेजी शीघ्रलेखन 60 शब्द प्रति मिनट की गति का कार्य साधक ज्ञान ।

3. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री का 5,000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति ।

नोटः– स्टेनो संबंधी ज्ञान एवं कम्प्यूटर टायपिंग की गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी ।

(2) वाहन चालक–

अनिवार्य योग्यता–1. हाई स्कूल/ 10वीं उत्तीर्ण ।

2. हल्का वाहन चालन का लायसेंस (LMV) धारक होना अनिवार्य है ।

नोटः– वाहन चालन संबंधी कौशल परीक्षा ली जाएगी ।

(3) भृत्य–

अनिवार्य योग्यता– मान्यता प्राप्त बोर्ड/स्कूल से कक्षा 8 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

नोटः– सामान्य हिन्दी एवं सामान्य अंग्रेजी पढ़ने एवं लिखने संबंधी कौशल परीक्षा ली जावेगी ।

अनुभव— विज्ञापित पद पर शासकीय विभाग में कार्य करने के अनुभव को महत्व दिया जावेगा । अनुभव प्रमाण पत्र कार्यालय/विभाग प्रमुख द्वारा जारी किया गया हो ।

4. अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए ।
5. प्रत्येक आवेदक को चाहिये कि वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी देखकर अत्यंत सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें । यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी । त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर निरस्त किया जा सकेगा ।
6. वह किसी उच्च न्यायालय, शासकीय या वैधानिक संस्था अथवा स्थानीय प्राधिकारी द्वारा सेवा से पृथक अथवा पदच्युत न किया गया हो ।
7. वह किसी नैतिक धृष्टता (Moral trupitude) हेतु दोषी न ठहराया गया हो किसी उच्च न्यायालय/संघ/राज्य सेवा आयोग अथवा किसी अन्य चयन सेवा मण्डल या कर्मचारी चयन आयोग द्वारा स्थायी रूप से प्रतिबंधित अथवा अनर्ह न किया गया हो ।
8. पात्र अभ्यर्थी दिनांक 05.10.2024 को निर्धारित समय सायंः 05:00 बजे या इससे पूर्व कार्यालय महाधिवक्ता, उच्च न्यायालय परिसर, बोदरी, बिलासपुर में अनिवार्यतः आवेदन प्रस्तुत करें । इसके पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं होगें ।
9. उपरोक्त पदों पर भर्ती संबंधी समस्त अधिकार माननीय महाधिवक्ता महोदय के निर्णय पर निहित है ।
10. किसी शैक्षणिक संस्था में नियमित अध्ययन कर रहे छात्र कृपया आवेदन न करें तथा अन्य संस्था निजी या शासकीय संस्था में किसी भी प्रकार का रोजगार प्राप्त व्यक्ति आवेदन न करें ।
11. एक पद हेतु एक ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा ।

17/09/24
अवर सचिव

**आकस्मिकता निधि से कलेक्टर दर पर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी (स्टेनोटायपिस्ट/वाहन चालक/भृत्य) के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप**

| स्वप्रमाणित फोटो |
|---|

प्रति,

माननीय महाधिवक्ता,

उच्च न्यायालय परिसर, बोदरी,

बिलासपुर (छ0ग0), पिन–495220

विषयः– दैनिक वेतनभोगी के पद– ........................................ हेतु आवेदन पत्र ।

1. आवेदित पद का नाम :– ..................................................................

2.' आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..................................................................
अंग्रेजी में (केपिटल अक्षरों में) :– ..................................................................

3. पिता/पति का नाम :– ..................................................................

4. जन्म तिथि (अंको में) :– ..................................................................
(शब्दों में) :– ..................................................................

5. दिनांक 01/01/2024 को आयु :–वर्ष........................माह...............दिन.........

6. पत्र व्यवहार का पता :– ..................................................................
..................................................................
..................................................................

आधार नम्बर. :– ..................................................................
मो.नं. :– ..................................................................
ई–मेल :– ..................................................................

7. स्थाई पता :– ..................................................................
..................................................................
..................................................................

8. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है? हां/नहीं :– ......................................................
(यदि हां तो मूलनिवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)

9. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताः–

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

10. संलग्न प्रमाण–पत्रों की सूची :–1. ..............................................................
2. ..............................................................
3. ..............................................................
4. ..............................................................
5. ..............................................................
6. ..............................................................

## घोषणा–पत्र

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न प्रमाण–पत्र सत्य एवं सही हैं. कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक ...........................

स्थान ............................

आवेदक/आवेदिका का पूर्ण हस्ताक्षर

नाम एवं पूरा पता

मोबाईल नं.

ई–मेल